आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर
दिनांक : 01.12.2024    समय : 0705

- आज विश्व एड्स दिवस है—उप राज्यपाल ने अपने संदेश में लोगों से एड्स के खिलाफ लड़ाई में एकजुट होने का आग्रह किया है।
- बहुप्रतीक्षित द्वीप पर्यटन उत्सव दो हजार चौबीस सत्ताईस दिसम्बर से इक्कतीस दिसम्बर तक आयोजित किया जाएगा।
- द्वीप पर्यटन उत्सव में स्टॉलों के आबंटन के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।
- स्पीड विंग्स एविएशन अकादमी की ओर से कल पर्यटन और विमानन विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

<><><><><><><>

आज विश्व एड्स दिवस है। इस अवसर पर अपने संदेश में उप राज्यपाल एडमिरल डी.. के. जोशी ने लोगों को एचआईवी और एड्स के खिलाफ लड़ाई में एकजुट होने, प्रभावित लोगों के साथ एकजुटता सें खड़े होने, उन लोगों का सम्मान करने और एचआईवी से लड़ने के लिए प्रतिबद्ध होने के लिए एक वैश्विक मंच प्रदान करने का आग्रह किया है। इस वर्ष का विषय "सही रास्ता अपनाओ, मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार" रखा गया है। उप राज्यपाल ने कहा कि यह दिवस एड्स के खिलाफ लड़ाई में मानवाधिकारों की सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डालता है। उन्होने दो हजार तीस तक एड्स महामारी को सार्वजनिक स्वास्थ्य खतरे के रूप में समाप्त करने के अंतिम लक्ष्य के साथ प्रचार, रोकथाम, परीक्षण और उपचार के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने सभी हितधारकों से एचआईवी एवं एड्स के खिलाफ चल रही लड़ाई में अंडमान निकोबार एड्स नियंत्रण सोसाइटी के साथ सहयोग करने का आग्रह किया।

विश्व एड्स दिवस के सिलसिले में अण्डमान निकोबार एड्स नियंत्रण सोसाइटी की ओर से आज सुबह नौ बजकर पैतालिस मिनट पर नेताजी स्टेडियम के सामने अण्डमान क्लब से मोटर बाइक रैली निकाली जाएगी। यह रैली शहर के विभिन्न भागों से होते हुए करीब पैंतालिस किलोमीटर का सफर तय कर वापस अण्डमान क्लब पहुंचकर सम्पन्न होगी।

<><><><><><><>

आज नागालैंड स्थापना दिवस है। इस अवसर पर उप राज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी ने द्वीपों में रहने वाले नागालैंड के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। अपने शुभकामना संदेश में उप राज्यपाल ने

कहा कि पहाड़ियों और समृद्ध परम्पराओं की भूमि नागालैंड अपने रंग बिरंगे त्योहारों, विविध संस्कृति और लुभावनी परिदृश्यों के लिए प्रसिद्ध है। यह राज्य एकता और गौरव का प्रतीक भी है।

<><><><><><><>

बहुप्रतीक्षित द्वीप पर्यटन उत्सव दो हजार चौबीस सत्ताईस दिसम्बर से इक्कतीस दिसम्बर तक आयोजित किया जाएगा। इस सिलसिले में हाल ही में आपदा प्रबंधन विभाग के सम्मेलन कक्ष में सूचना, प्रचार और पर्यटन निदेशक अज़रूद्दीन जहीरूद्दीन काज़ी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में निदेशक ने बताया कि द्वीपवासियों और पर्यटकों के मनोरंजन के लिए आई टी एफ मैदान और तेरह निर्धारित स्थानों पर मुख्यभूमि के साथ द्वीपसमूह के कलाकार भी प्रस्तुति देंगे। स्थानीय सांस्कृतिक संगठनों को विभिन्न स्थानों पर अपनी कला का प्रदर्शन करने का अवसर प्रदान किया जाएगा। निदेशक ने संबंधित सभी विभागों से इस महोत्सव को सफल बनाने में योगदान देने का अनुरोध किया है। हर साल की तरह इस साल भी हेल्दी बेबी शो, फ्लावर शो और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। द्वीप पर्यटन महोत्सव का मुख्य आकर्षण राजभाषा विभाग द्वारा आयोजित हास्य कवि सम्मेलन है। बच्चों के लिए मनोरंजक खेलों का भी आयोजन किया जाएगा। उत्सव के दौरान खान–पान के स्टॉल भी लगाए जाएंगे। इसके अलावा विभिन्न विभागों की ओर से स्टॉल लगाकर द्वीपसमूह में चल रहे विकासीय गतिविधियों को प्रदर्शित किया जाएगा। बैठक में विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह मे इस वर्ष सत्ताईस से इक्कतीस दिसम्बर तक द्वीप पर्यटन उत्सव का आयोजन किया जाएगा। प्रदर्शनी मैदान में पांच दिनों तक चलने वाले उत्सव के दौरान स्टॉलों का आवंटन भी किया जाएगा। खान–पान तथा सामान्य स्टॉलों के लिए इच्छुक उद्यमी और व्यक्तिगत लोग आवेदन जमा कर सकते हैं। आवदेन फार्म छः दिसम्बर शाम तीन बजे तक सूचना, प्रचार और पर्यटन निदेशालय के योजना अनुभाग में जमा किया जा सकता है। स्टॉलों का आवंटन सत्रह दिसम्बर को किया जाएगा और आवंटन पत्र बीस दिसम्बर को जारी होगा।

<><><><><><><>

स्पीड विंग्स एविएशन अकादमी की ओर से कल पर्यटन और विमानन विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। श्री विजयपुरम के डॉ. बी आर अम्बेडकर सभागार में आयोजित कार्यक्रम में दक्षिण अंडमान ज़िला परिषद अध्यक्षा एम रजनी मुख्य अतिथि थी और इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक सुनील जैकब सम्माननीय अतिथि थे। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में देश विशेषकर द्वीपसमूह के विकास में पर्यटन और विमानन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों के विकास से न सिर्फ द्वीपों की अर्थव्यवस्था में वृद्धि होगी, बल्कि यहां

के युवाओं को रोज़गार के नए अवसर भी उपलब्ध होंगे। अण्डमान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर के अध्यक्ष एम. विनोद ने कहा कि पर्यटन और विमानन एक दूसरे पर निर्भर है। विमानन बढ़ते वैश्विक पर्यटन उद्योग के लिए महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करती है। अंडमान चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रहलादका ने कहा कि सेवा क्षेत्र में तकनीकी शिक्षा पर्यटन की गुणवत्ता को बढ़ाता है।

कार्यक्रम में एविएशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बिजी अप्पन सहित कॉलेज के छात्र, अभिभावक और अकादमी के कर्मी उपस्थित थे।

<><><><><><><>

तकनीकी कारणों के चलते एम.वी. कैम्पबेल बे की आज रात नौ बजे और तीन दिसम्बर को सुबह आठ बजे की लिटिल अण्डमान की यात्रा को रद्द कर दिया गया है। यात्रियों से कहा गया है कि वे टिकट रदद करवाकर पैसे वापस ले सकते हैं। अब एम.वी. कैम्पबेल बे स्थान पर जलयान सिंधु लिटिल अण्डमान की यात्रा पर जाएगा। इस यात्रा के लिए टिकट स्टार्स टिकटिंग काउन्टर से आज सुबह नौ बजे से जारी किए जाएंगे।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार राज्य विधि सेवा प्राधिकरण ने कल गर्ल्स स्कूल में "बाल अधिकार एवं दिव्यांगजन" विषय पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया। कार्यक्रम में  कलकत्ता उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार भवानी शंकर शर्मा और पोर्ट ब्लेयर सर्किट बेंच के रजिस्ट्रार एवं सदस्य सचिव और अंडमान निकोबार राज्य विधि सेवा प्राधिकरण के  पारिवारिक न्यायालय के न्यायाधीश दीप्तेंद्र नाथ मित्रा विशिष्ट अतिथि थे। शिविर के दौरान बाल अधिकार, शिक्षा का अधिकार अधिनियम दो हजार नौ के तहत हर बच्चे को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा के अधिकार पर जानकारी प्रदान की गई। इसके अलावा पॉक्सो अधिनियम दो हजार बारह के तहत दुर्व्यवहार और शोषण से बच्चों की सुरक्षा, किशोर न्याय अधिनियम दो हजार पन्द्रह की आवश्यकता को सुनिश्चित करने पर जानकारी दी गई। दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, दो हजार सोलह के अंतर्गत दिव्यांगजनों में निर्दिष्ट विकलांगता का चालीस प्रतिशत से कम नहीं होना चाहिए। अधिनियम में सरकारी नौकरियों में दिव्यांगजनों के लिए आरक्षण को तीन प्रतिशत से बढ़ाकर चार प्रतिशत और उच्च शिक्षा संस्थानों में तीन प्रतिशत से बढ़ाकर पांच प्रतिशत कर दिया गया है। दिव्यांगजनों को अट्ठारह वर्ष की आयु तक विशेष या नियमित स्कूलों में समान अवसर, सुलभता और समावेशी शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार है।

<><><><><><><>